आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 26.08.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से काफी फायदा हुआ है।
- जन्माष्टमी का पर्व आज मनाया जा रहा है। उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने अपने संदेश में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन हमें धार्मिकता, करूणा, भक्ति और निःस्वार्थ कर्म करने पर विचार करने के लिए प्रेरित करता है।
- मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने शिक्षकों का आह्वान किया है कि वे विद्यार्थियों को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने की ओर अधिक ध्यान केन्द्रित करें।
- पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अण्डमान के विभिन्न भागों में सड़को ंको ठीक की करने के लिए वाईट टॉपिंग का कार्य किया जाएगा।
- स्वराज द्वीप में राजस्व विभाग द्वारा एक बड़े भू–भाग को अतिक्रमणकारियों से छुडाया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से काफी फायदा हुआ है। कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में बहुत कुछ ऐसा हो रहा है, जिससे विकसित भारत की नींव मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि इस महीने तेईस तारीख को देशवासियों ने पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस और चंद्रयान–तीन की सफलता का जश्न मनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत विश्व का पहला देश बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्पेस इको–सिस्टम बहुत जीवंत हो रहा है। श्री मोदी ने स्पेस टैक स्टार्टअप गैलेक्सआई के सदस्यों के साथ बातचीत भी की।

श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष लालकिले से उन्होंने गैर–राजनीतिक पृष्ठ भूमि वाले एक लाख युवाओं से राजनीतिक व्यवस्था में जुडने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि इसका युवाओं पर जबरदस्त प्रभाव पडा है और बडी संख्या में युवा राजनीति में प्रवेश के लिए तैयार है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में ऐसे बहुत से लोगों ने स्वयं को देश की आजादी के लिए झोंक दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए आज भी उसी जज्बे की ज़रूरत है।

<><><><><><><>

जन्माष्टमी का पर्व आज मनाया जा रहा है। उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने अपने संदेश में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन हमें धार्मिकता, करूणा, भक्ति और निःस्वार्थ कर्म करने पर विचार करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि हम भगवान श्रीकृष्ण के शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए द्वीपवासियों के बीच आपसी सदभाव और एकता को मजबूत करने के लिए एक साथ होने का संकल्प लें। उन्होंने कामना की है कि यह त्यौहार सभी द्वीपवासियों के जीवन में सदभाव और प्रगति के साथ–साथ यह द्वीप शान्ति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़े।

इस बीच पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर द्वीपवासियों को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि द्वीपवासी अपनी उज्जवल भविष्य के लिए मिलजुल कर काम करें।

<><><><><><><>

इस सिलसिले में द्वीपसमूह के विभिन्न मन्दिरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सप्लाई लाईन के बैकुंठ धाम पुलिस मन्दिर में आज शाम से लेकर मध्य रात्रि तक पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित होंगे और प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। आर.जी.टी. रोड़ स्थित राधा–गोविन्द मन्दिर में पूजा–अर्चना के अलावा आज शाम छह बजे सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। राधा–गोविन्द मन्दिर नेताजी नगर, जोड़ाकलान में आज शाम पांच बजे से भगवत कथा पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन कीर्तन के साथ महाभोग प्रसाद का वितरण होगा। पोर्ट–मोट के राम मन्दिर में सुबह से ही पूजा–अर्चना के कार्यक्रम शुरू हो गया, और रात्रि दस बजे हवन होगा।

इस बीच चिन्मय मिशन पोर्ट ब्लेयर में आज रात्रि नौ बजे से मध्य रात्रि तक पूजा–अर्चना के कार्यक्रमों के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने शिक्षकों का आह्वान किया है कि वे विद्यार्थियों को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने की ओर अधिक ध्यान केन्द्रित करे और यह भी देखे कि वे अपनी–अपनी कक्षाओं में पढ़ाई में कितना ध्यान दे रहे है और इस दिशा में उनकी क्या प्रगति हुई है। वे पोर्ट ब्लेयर में द्वीपसमूह में दसवीं कक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थियों के लिए अण्डमान क्रिश्चियन यूनाइटेड फ्रंट की ओर से आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे बच्चों की समस्याओं को जानने और उनके समक्ष आ रही चुनौतियों का समाधान करने के लिए उनके साथ अधिक समय बिताएं। युनाइटेड फ्रंट के अध्यक्ष बिशप डॉ. राजा विलसन ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष सुदीप राय शर्मा और रेवरेंट देवानन्द ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><><>

प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मध्योत्तर अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से बकुलतला पंचायत में राजस्व शिविर कोर्ट का आयोजन किया गया। रंगत के सहायक आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित इस राजस्व शिविर में स्थानीय लोगों ने कई महत्वपूर्ण विषयों को उठाते हुए, इसका समाधान करने का अनुरोध किया। सहायक आयुक्त और उनकी टीम ने मौके पर ही समस्याओं का समाधान करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिया।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान के बृंदावन पंचायत और नमूनाघर पंचायत में कई स्थानों पर सड़के खतनाक स्थिति में पहुंच गई है। इन पंचायतों में काफी लम्बी दूरी तक सड़कों में इतने बड़े–बड़े गड्ढ़े ऊभर आए है, जिससे वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। रात के समय इस मार्ग पर चार पहिया वाहन के अलावा दुपहिया वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। इन पंचायतों के अलावा राइट–म्यों जैसे क्षेत्र में भी सड़के वाहन उपयोगी नहीं है और इससे आम जनता को काफी असुविधा हुई है।

इस बीच अण्डमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियन्ता इंजीनियर प्रीजीत रेख ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में बताया कि प्रशासन और उनका विभाग सड़कों को और बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है। बत्तीस किलोमीटर रोड़ पर वाइट टॉपिंग किया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया जारी है। ओग्राब्रांच से लेकर शैतान खाड़ी तक की सड़के भी इसमें शामिल है।

फिलहाल इस क्षेत्र में गड्ढो को भरने के लिए आज या कल निविदाएं आमंत्रित किए जाएंगे, ताकि सड़कें इस्तेमाल उपयोगी हो सके। राइट–म्यों, मनारघाट क्षेत्र में भी सडकों को ठीक करने का काम प्रगति पर है और बारिश के बाद इस क्षेत्र में भी सडके ठीक कर दी जाएगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान ज़िला प्रशासन सामुदायिक स्थानों को संरक्षित करने और सार्वजनिक सम्पत्ति का वैद्य उपयोग सुनिश्चित करने के अपने निरंतर प्रयासों में कड़ी निगरानी रख रहा है और सरकारी भूमि को अतिक्रमणकारियों से छुडाया जा रहा है। इस पहल के एक भाग के रूप में राजस्व निरीक्षण ने स्वराज द्वीप के श्याम नगर में चार हजार वर्ग मीटर भूमि को अवैध अतिक्रमण से छुडाया। इसके अलावा टीम ने सरकारी ज़मीन पर नव–निर्मित आवासीय ढ़ांचे को भी नष्ट कर दिया और पांच सौ वर्ग मीटर ज़मीन को पुनः सरकारी खाते में जोड़ दिया गया। दक्षिण अण्डमान उपायुक्त ने आम जनता को आगाह करते हुए कहा कि ज़िला प्रशासन सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के प्रति शून्य सहिष्णुता रखता है। सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

ओग्राब्रांच थाने के कर्मचारियों ने ट्रैफिक चैकिंग के दौरान कोलीनपुर क्षेत्र से भारी मात्रा में हिरण का मास बरामद किया। पुलिस ने संदेह होने पर कोलीनपुर गांव से आ रही एक कार को रोका, गहन जांच के बाद दो अलग–अलग बोरियों में भारी मात्रा में हिरण का मास बरामद हुआ। दोषी चालक की पहचान मानपुर निवासी बीस वर्षीय निजी चालक जीत कुमार बिश्वास के रूप में हुई। चालक को गिरफ्तार कर मास को ज़ब्त कर लिया गया, जो वन्यजीव सम्पत्ति है।

<><><><><><><>